जॉब प्लेसमेंट प्रोग्राम में 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया

उदयपुर, 20 अप्रैल। मस्जिद मदरसा कमेटी, मस्जिद कुतुब ए आलम, खान्जीपीर की जानिब से तीसरा कैरियर गाइडेंस, काउंसलिंग एवं जॉब प्लेसमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, करियर और रोजगार के प्रति जागरूक करना और उन्हें उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना था। संयोजक तनवीर चिश्ती ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेसिफिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल के न्यूरो विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अतुलाभ वाजपेयी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कैरियर में सफलता पाने के लिए सही दिशा, कडी मेहनत और लगन आवश्यक है। संचालन मोहम्मद आसिफ छीपा ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में लायक अली खान, लुकमान अहमद, डॉ. वसीम खान, बशारत अली, पार्षद राशिद खान, डॉ. मंसूर अल्वी, डॉ. जुबेर, फिरदोस खान और प्रोफेसर फरहत खान की उपस्थिति रही। कमेटी के सदर कलीम खान ने बताया कि कार्यक्रम में 10 वीं, 12वीं और उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे करीब 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

'सेना व पुलिस की तरह दमकलकर्मी भी देश व समाज की महत्वपूर्ण कड़ी'

- राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन समारोह में पहुंचे जिला कलक्टर
- दमकलकर्मियों और सहयोगी संस्थानों का हुआ सम्मान

उदयपुर, 20 अप्रेल। नगर निगम के अग्निशमन विभाग के तत्वावधान में गत 14 अप्रेल से प्रारंभ हुए राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन समारोह रविवार को नगर निगम सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता तथा उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के आतिथ्य में हुआ।कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दमकल कर्मियों तथा सहयोगी संस्थानों को सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर मेहता ने कहा कि दमकल कर्मी देश और समाज के लिए सेना और पुलिस के समान ही महत्वपूर्ण कडी है। जब अग्नि की घटनाएं होती हैं, तब दमकल कर्मी आमजन को तथा सार्वजनिक व निजी संपत्तियों को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर काम करता है।

इसके बावजूद फायर फाइटर अपेक्षित सम्मान नहीं पाते हैं। प्रशासन और आमजन दोनों का दायित्व है कि इन बहादूर दमकल कर्मियों का सम्मान करें। उन्होंने उदयपुर में राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह के तहत दौरान आयोजित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि मैंने अपने करियर में अग्निशमन सप्ताह को इतने उत्साह के साथ मनाते हुए पहली बार देखा है। निश्चित रूप से अग्निशमन सप्ताह की भावना को मूर्त रूप देने का प्रयास किया गया है।

विधायक ताराचंद जैन ने उदयपुर अग्निशमन टीम की सराहना करते हुए उनके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में दमकल कर्मी कैलाश यादव, विजेंद्र धोसलिया, नरेंद्र मेघवाल, गौरव जोशी, नरेंद्रसिंह चुण्डावत, मोहम्मद हुसैन, प्रकाश मेघवाल, किरण निनामा, तौफिक मोहम्मद, फैजल शेख, शंकरलाल निठारवाल, ललित मेनारिया, नरेश मेनारिया, कमलाशंकर मेनारिया, रमेश मेघवाल, अंबालाल डांगी, लोकेश मीणा, दीपक सेन, धीरेंद्रसिंह, कालुलाल गमेती, राकेश मीणा, नरेंद्रसिंह झाला, भरत माली, लोकेश बरगट, लोकेश मेघवाल, रवि जणवा, गोरधनसिंह झाला, प्रदीप कुमार, विकेश पटेल व कैलाश सुधार को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार आगजनी की घटनाओं के दौरान फायर ब्रिगेट रिफिलिंग सहित अन्य कार्यों में सहयोग करने पर भूमिका इंटरप्राइजेज अरबर स्क्वायर, सेलिब्रेशन मॉल, सिक्योर मीटर लिमिटेड, रिलांयस केमोटेक्स, पीआई इंडस्ट्रीज, वर्डिया होटल्स सीमारमा, मानसून पैलेस रिसोर्ट, महिन्द्रा होलीडेज एण्ड रिसोर्ट, पारस जेके हॉस्पीटल तथा होटल रेडिसन ब्ल्यू के प्रतिनिधियों को भी प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रारंभ में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी, अग्निशमन अधिकारी शिवराम मीणा, सहायक अग्निशमन अधिकारी नवदीपसिंह बग्गा ने जिला कलक्टर मेहता एवं विधायक जैन का साफा पहनाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी चौधरी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में आभार अग्निशमन अधिकारी शिवराम मीणा ने व्यक्त किया।

चिकित्सा शिविर में दिया परामर्श

उदयपुर। औदुंबर ब्राह्मण महासभा उदयपुर का चिकित्सा एवं जांच शिविर रविवार को नीलकंठ महादेव मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुरामजी के दीप प्रज्वलन से हुआ। चिकित्सा शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों ने अपनी जांच करवाई एवं परामर्श लिया। शिविर में जनरल फिजिशियन, कैंसर स्पेशलिस्ट , ऑर्थोपेडिक चर्म रोग विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपी, लेप्रोस्कोपिक सर्जन के डॉक्टर द्वारा परामर्श दिया गया। यहीं पर ए एस जी नेत्र चिकित्सालय द्वारा आंखों की निशुल्क जांच भी की गई, जिसमें से 15 से 20 व्यक्तियों को चिकित्सालय रेफर किया गया एवं हॉस्पिटल आने वाले सभी लोगों को फ्री कंसल्टेशन कूपन दिया गया। श्याम बायोटेक लेब एंड स्कैन के प्रवीण तिवारी द्वारा आज रजिस्टर्ड हुए पेशेंट को 25 प्रति. छूट देने का आश्वासन दिया। समाज के अध्यक्ष भैरूशंकर दुबे ने बताया कि शिविर में करीब 100 व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल रहे।

सार-समाचार

रक्तदान शिविर का आयोजन

उदयपुर । भाजपा द्वारा चलाए जा रहे बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती सम्मान अभियान के कार्यक्रमों की शृंखला में अनुसूचित जाति मोर्चा, उदयपुर शहर द्वारा पटेल सर्कल स्थित भाजपा कार्यालय पर रक्तदान शिविर आयोजित हुआ जिसमें पार्टी के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रक्तदान रूपी पुष्पो से बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर,शहर जलि अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड,शहर विधायक ताराचंद जैन, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली,पूर्व महापौर रजनी डांगी,चन्द्रसिंह कोठारी,पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी,मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान,आई टी संयोजक संजय चंदेल, सपना कुर्डिया,सह संयोजक पुष्कर मेघवाल सहित पार्टी-मोर्चा के सम्मानित वरिष्ठ नागरिक एवं कार्यकर्ताबंधु उपस्थित रहें।

प्रतियोगिता में दिखा शहर का टैलेंट

उदयपुर। उदयपुर मास्टर शेफ, राजस्थान सिंधी संगत और रोटरी कूब अशोका की ओर से रविवार को अशोका पैलेस में आयोजित मास्टर शेफ प्रतियोगिता में उदयपुर का टेलेंट दिखा। संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया की प्रतियोगिता में शहर की महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को 30 मिनट का समय मिला जिसमें उन्होंने गमिर्यों के अनुसार एक यूनिक स्टार्टर डिश तैयार की। कार्यक्रम की संयोजक भूमि त्रिवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता में रचिता इसरानी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारती मोटवानी और शोभना भटनागर को संयुक्त रूप से दूसरा स्थान मिला। प्रिया बजाज तीसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और गिफ्ट्स देकर सम्मानित किया जायेगा ।

सीएम तकलीफ में, दिल्ली दौरे बढ़ गए हैं : डोटासरा

उदयपुर(का.स.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रविवार को उदयपुर में राजस्थान की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर तकलीफ आने वाली है। इसलिए आजकल वे दिल्ली दौरे ज्यादा कर रहे हैं।

डोटासरा ने उदयपुर में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ हो रहे एक्शन पर भर सवाल उठाए। पीसीसी चीफ ने शनिवार (19 अप्रैल) को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शेखावाटी दौरे पर कमेंट किए थे। वहीं सीएम ने सीकर के बाजौर की जनसभा में कहा था कि. पंजा मत दिखाइए इस पंजे ने प्रदेश को गंजा कर दिया है।डोटासरा ने कहा ष् मुख्यमंत्री पर कोई न कोई तकलीफ आने वाली है इसलिए उन्होंने आनन.फानन में प्रदेश में दौरे बनाए हैं।

लेकिन उसमें लोग आ नहीं रहे हैं। मुख्यमंत्री के बारे में क्या कहूं जनता जान चुकी है कि सीएम स्वयंभू भागीरथ बनकर कभी शेखावटी में आभार प्रकट करवा रहे हैं। कभी देव दर्शन यात्रा कर रहे हैं। उनके दिल्ली दौरे भी ज्यादा हो रहे हैं।

डोटासरा ने कहा कि विधानसभा में सीएम ने फरवरी 2024 में कहा कि 4 महीने में डीपीआर बनेगी और यमुना जल आएगा। डीपीआर बनी नहीं और अब कह रहे हैं कि अफसरों के साथ मीटिंग करेंगे।अरे भाई सीएम की अफसरों के साथ मीटिंग करना बड़ी बात है क्या? ये तो रोजाना ही होती रही होगी। सीएम तो डीपीआर की तारीख ही बता दें।

वे यात्रा किस बात की कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि एक दिन पहले सीएम शेखावाटी में थे। मैं कहना चाहता हूं कि 8 हजार करोड़ की इंदिरा गांधी नहर परियोजना की वित्तीय स्वीकृति कांग्रेस सरकार में मिल चुकी थी। अब तो मात्र केवल टेंडर प्रक्रिया करनी थी,इसके बाद भी उन्होंने अपने 2024-25 बजट में इसको डाल दिया लेकिन आज की तारीख कोई टेंडर नहीं है कोई वर्क ऑर्डर नहीं है और काम नहीं है।

बाल विवाह रोक के लिए प्रशासन अलर्ट

उदयपुर। जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और बाल अधिकारिता विभाग की टीमें लगातार बाल विवाह गतिविधियों पर नजर रखें हुए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को खेरोदा थाना क्षेत्र में आगामी 26 अप्रेल को होने वाले बाल विवाह की सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंच कर परिजनों को पाबंद कराया।

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक के के चंद्रवंशी ने बताया कि 19 अप्रेल को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना प्राप्त हुई कि खेरोदा थाना क्षेत्र में 26 अप्रेल को एक मासूम का बाल विवाह होने वाला है। इस पर चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक नवनीत औदिच्य को निर्देशित करते हुए टीम गठित की। टीम खेरोदा थाना के सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण लाल मय जाप्ता के अमरपुरा खालसा में नाबालिग के घर पर पहुंची। वहां बालिका के परिजनों से पूछताछ करने पर उन्होंने बाल विवाह से इनकार कर दिया।

सज्जनगढ़ बायो पार्क में लगी आग, भय से भागे पर्यटक

उदयपुर। उदयपुर के सज्जनगढ़ बायो की तलहटी में स्थित बायोलोजिकल पार्क में रविवार को आग लग गई। आग के बाद पर्यटकों के लिए बायो पार्क बंद कर दिया गया।डेढ़ घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रविवार दोपहर करीब 12 बजे सज्जनगढ़ बायो पार्क में गोल्फ कार्ट वाले स्टैंड के पास सेंचुरी से सटी दीवार के वहां घास में आग लग गई। सुखी घास जलने लगी और थोड़ी देर में आसमान में इस कदर का धुंआ उठ गया कि सबको लगा विकराल आग लग गई।कुछ समय बाद ऐसी विकराल हो गई कि आग की लपटे बायोलोजिकल पार्क में वन्यजीवों के पिंजरों के पास चली गई।

लपटों को देखकर वहां घूम रहे टूरिस्ट घबरा गए और वहां से भागे और बाहर निकले। बाद में कुछ वन्यजीवों के पिंजरे तक आग पहुंचने के बाद वहां पर आग स्टाफ लगाया गया।

इस बीच वन विभाग और बायो पार्क का स्टाफ भी आसपास से जहां आग लगी वहां पहुंचा और फायर स्टेशन पर सूचना दी। वहां देखा गया कि आग की लपटे और धुंआ फैलता जा रहा था। बायो पार्क में घूमने आए टूरिस्ट भी आग की लपटे देखकर घबरा गए और वहां पार्क को छोड़कर अंदर से पैदल ही भागे और बाहर निकले। इस बीच फायर स्टेशन से दमकल वहां पहुंची और आग बुझाने में जुट गए। करीब एक.एक कर तीन दमकल वहां पहुंची।

वन्यजीव भी आग की लपटों को देखकर घबरा गए थे।आग की लपटे वहां वन्यजीवों के पिंजरों के पास पहुंच गई तब वनकमिर्यों के होश उड़ गए लेकिन दमकल की पानी की बोछारों से आग पर कंट्रोल किया।

वहां पर आग को देखकर बंदर और एमू पक्षी भी पिंजरे में इधर-उधर कूदते देखे गए। इस बीच कुछ वन्यजीवों के पिंजरों के पास वनकमिर्यों को लगाया गया और एक दमकल भी लगा दी। दमकल ने पानी की बोछारे छोड़ी उसके बाद वहां आग बंद हुई। करीब डेढ़ बजे जाकर आग पर कंट्रोल हुआ।

आग के विकराल रूप को देखते हुए बायो पार्क के अंदर जो सर्विस रोड थी उस पर खड़ी गोल्फ कार्ट को भी बायो पार्क से बाहर निकाला गया। इस दौरान वन विभाग ने मौके की स्थिति देखकर सबसे पहले बायो पार्क में टूरिस्ट का प्रवेश बंद कर दिया। वहां पर जो टूरिस्ट पहले टिकट लेकर गए वह भी डर के मारे बाहर निकल वहां से चले गए।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया है। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, उनके ऋण को आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा।

क्रमांक	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	142410419	सम्पत्ति पर ऋण	26.03.2025	12,86,307.24/-

ऋणग्रहिताओं एवं सह-ऋणग्रहिताओं का नामः 1. देवी लाल जाट, 2. आंछी शंकर

सम्पत्ति पता- प्लाट पट्टा नं. 14, प्लाट क्षेत्रफल 1512 वर्ग फिट, ग्राम-सहनवा, ग्राम पंचायत-सहनवा, पंचायत समिति-चित्तौडगढ़, तहसील एवं जिला-चित्तौडगढ, राजस्थान-312001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रमेश पुत्र किशन जाट, पश्चिम-आम रास्ता 20 फिट चौडा, उत्तर-आम रास्ता 15 फिट चौडा, दक्षिण-शम्भू पुत्र हजारी

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के खिलाफ एसआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा रूप से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

दिनांक- 21.04.2025
स्थान- चित्तौडगढ़

BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference

Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Three Year Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$
B.Sc. (Data Science)/**B.Sc.** (Data Science) Hons.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | **BSW** | **M.Com.**
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | **M.Des.**

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle)#, **B.Ed., M.Ed.**

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2025

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
- **For general enquiry:**
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)

Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website:
http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at **http://www.banasthali.org**
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA